1107. पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ''हाथी गाँव'' कहाँ स्थापित किया गया था?

(a) कुंडा गाँव (कूकस) (b) रामगढ़
(c) सांगानेर (d) नाहरगढ़

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (a) : पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए 'हाथी गाँव' जयपुर में आमेर के किला के पास कुंडा गाँव (कूकस) में स्थापित किया गया था। यह भारत का पहला हाथी गाँव है। राजस्थान सरकार ने वर्ष 2008 में इस गॉव को हाथी गॉव घोषित किया था।

1108. बच्छावतों, रामपुरिया, गुलेच्छा, सेठिया की हवेलियाँ राजस्थान में कहाँ स्थित हैं?

(a) जैसलमेर (b) सीकर
(c) जोधपुर (d) बीकानेर

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (d) : बच्छावतों, रामपुरियाँ, गुलेच्छा, सेठियां की हवेलिया राजस्थान के बीकानेर जिले में स्थित है। ये हवेलियाँ लाल बलुआ पत्थर से बनाई गई है।

1109. राजस्थान का प्रथम 'बर्ड पार्क' स्थित है-

(a) जालौर (b) जयपुर
(c) अजमेर (d) उदयपुर

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (d) : राजस्थान राज्य का प्रथम 'बर्ड पार्क' 12 मई, 2022 को उदयपुर के गुलाबबाग में खोला गया, जो लगभग 3.85 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है।

1110. जयपुर के जंतर मंतर को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल कब घोषित किया गया?

(a) 2008 (b) 2009
(c) 2010 (d) 2011

RPSC-2011

Ans. (c) : जयपुर के जंतर मंतर को यूनेस्को (UNESCO) द्वारा विश्व धरोहर स्थल वर्ष 2010 में घोषित किया गया हैं। जयपुर के संस्थापक राजपूत, राजा सवाई जयसिंह द्वितीय द्वारा निर्मित जंतर-मंतर 19 खगोलीय उपकरणों का एक संग्रह है। यह स्मारक 1734 में निर्मित हुआ। इसमें देश की सबसे बड़ी पत्थर की घूपघड़ी है।

1111. जयपुर के किस ऐतिहासिक इमारत को यूनेस्को द्वारा वर्ल्ड हेरिटेज सूची में शामिल किया गया था?

(a) सिटी पैलेस (b) जन्तर मन्तर
(c) जल महल (d) हवा महल

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन)-2019
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019

Ans. (b) – कछवाहा शासक महाराज सवाई जयसिंह – II ने जयपुर में जन्तर-मन्तर वेधशाला का निर्माण 1734 ई. में कराया। इसे 31 जुलाई 2010 को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल की गयी।

1112. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सही उत्तर का चयन नीचे दिए कूट से करिये–

पर्यटन केन्द्र	जिला
A. जसवन्त थड़ा	I. उदयपुर
B. लालगढ़ महल	II. बूंदी
C. फूल सागर महल	III. जोधपुर
D. जगदीश मंदिर	IV. बीकानेर

कूट

(a) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)
(b) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(c) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)
(d) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (c) : सही सुमेलन है-

पर्यटन केन्द्र		जिला
(a) जसवन्त थड़ा	-	जोधपुर
(b) लालगढ़ महल	-	बीकानेर
(c) फूल सागर महल	-	बूंदी
(d) जगदीश मंदिर	-	उदयपुर

1113. पन्ना मीना का कुंड स्थित है–

(a) उदयपुर में (b) नाथद्वारा में
(c) जयपुर में (d) जैसलमेर में

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (c) : पन्ना मीना का कुंड जयपुर में स्थित है। आमेर के राजमहल से दूर कुछ दूरी पर स्थित कारीगरी का बेजोड़ नमूना पन्ना मीना का कुंड अद्भुत आकार की सीढ़ियों, अष्टभुज किनारों में बरामदों के लिए विख्यात है। आभानेरी की चाँद बावड़ी तथा हाड़ी रानी की बावड़ी के समान ही इसमें भी तीन तरफ सीढ़ियाँ है।

1114. प्रसिद्ध पर्यटन स्थल 'जसवंत थडा' कहाँ अवस्थित है?

(a) जालोर (b) नागौर
(c) कोटा (d) जोधपुर

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (d) : उपयुक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1115. राजस्थान के किस क्षेत्र के 'पनढ़ारी मोदक' प्रसिद्ध है?

(a) जोधपुर (b) नाथद्वारा
(c) सीकर (d) बीकानेर

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (d) : राजस्थान के 'पनढारी मोदक' बीकानेर क्षेत्र में प्रसिद्ध है। पनढारी मोदक कई भारतीय राज्यों और संस्कृतियों में लोकप्रिय राजस्थानी मिठाई है। मोदक भगवान गणेश के पसंदीदा व्यंजनों में से एक है, इसलिए इसका पूजा में प्रयोग किया जाता है।

1116. नथमल और सालिम सिंह की हवेलियाँ स्थित हैं–

(a) सिरोही (b) जैसलमेर
(c) जोधपुर (d) बीकानेर

House Keeper 2022_09.07.2022